| आदेश की क्रम संख्या एवं तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश की क्रम संख्या एवं तारीख |
|---|---|---|

## लगान धार्य वाद सं0– 01/2021–22

### –: आदेश :–

अंचल अधिकारी, हिरणपुर के पत्रांक–297/रा0, दिनांक– 05.07.2021 के द्वारा मौजा–हाथकाठी थाना नं0–12 जमाबंदी संख्या–100, दाग संख्या– 328 के अन्तर्गत बंदोबस्ती पट्टा से प्राप्त रकवा–10बी0–00क0–00धूर जमीन का लगानधार्य हेतु आवेदक श्री दिनेश विलियम मरांडी, पिता–स्व0 साईमन मरांडी, सा0–कमलघाटी, थाना–हिरणपुर जिला–पाकुड़ के नाम से प्रस्ताव प्रपत्र एम0 में प्राप्त हुआ है। हल्का कर्मचारी/ अंचल निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी, हिरणपुर द्वारा प्रपत्र एम0 के प्रतिवेदन अनुसार प्रश्नगत भूमि सर्वे खतियानी में अनाबादी कहकर दर्ज है। अंचल अधिकारी, हिरणपुर के पत्रांक–297/रा0 दिनांक– 05.07.2021 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि न्यायालय अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ के बन्दोबस्ती मु0 सं0–41/95 के पारित आदेश दिनांक– 01.08.2007 के द्वारा आवेदक श्री दिनेश विलियम मरांडी, पिता–स्व0 साईमन मरांडी, सा0–कमलघाटी, के साथ ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई बंदोबस्ती पट्टा निर्गत किया गया है तथा वर्ष 2000 से 2003–04 तक लगान रसीद भी निर्गत किया गया है। उक्त भूमि पर आवेदक का शांतिपूर्ण भोग दखल कब्जा है। अंचल अधिकारी हिरणपुर ने प्रश्नगत भूमि का लगान निर्धारण हेतु प्रपत्र एम0 भेजा गया है।

अंचल अधिकारी, हिरणपुर ने प्रश्नगत भूमि से संबंधित हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक हिरणपुर के अनुशंसा एवं राजस्व आय में वृद्धि के मद्देनजर भूमि का वार्षिक लगान 05/–(पाँच रुपए) प्रतिवर्ष प्रतिबीघा के दर से रकवा–10बी0–00क0–00धूर जमीन का 50/– (पचास) रूपये प्रतिबीघा अलावे सेस निर्धारित करने की अनुशंसा की है।

अतः अंचल अधिकारी हिरणपुर के अनुशंसा एवं राजस्व आय में वृद्धि के आधार पर प्रश्नगत भूमि का 52/–(बावन रूपये ) प्रति बीधा वार्षिक लगान के अलावे सेस श्री दिनेश विलियम मरांडी, पिता–स्व0 साईमन मरांडी, सा0–कमलघाटी, के नाम करने की स्वीकृति दी जाती है। लगान जमीन्दारी उन्मूलन की तिथि से वसूलनीय होगा। प्रपत्र एम0 में हस्ताक्षर कर दिया गया है। प्रपत्र एम0 की प्रति एवं आदेश की प्रति अंचल अधिकारी हिरणपुर को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।
(हस्ताक्षर) 24/7/21

भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,
पाकुड़।

(हस्ताक्षर) 24/7/21

भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,
पाकुड़।

जिला पाकुड़ लगान धार्य प्रपत्र–M

मौजा का नाम अमरबादी ........ अनुमंडल पाकुड़ थाना संख्या 12 ........ अंचल हिरणपुर हल्का संख्या IV ........ तौजी नम्बर ........

| क्रमांक | साबिक सेटलमेंट खतियान के अनुसार दखलकार रैयत: खतियान के अनुसार रैयत का नाम | खाता सं० | खसरा सं० | रकबा बि०–क०–धुर | किस्म जमीन | खाता नम्बर | लगान धार्य तालिका का नाम: वर्त्तमान दखलकार रैयत का नाम पिता/पता वगैरह | खेसरा सं० | रकबा बि०–क०–धुर | किस्म जमीन | लगान प्रति बीघा की दर | नया लगान धार्य जमा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | [illegible] | 101 | 328 | 54-09-00 | पहाड़ | 101 | श्री दिनेश विलियम मरांडी पिता- स्व० स्टाईमन मरांडी ग्राम- कमलघाटी थाना- लिट्टीपाड़ा जिला- पाकुड़ | 328 | 10-00-00 | पहाड़ | 5=00 प्रति बीघा | 50=00 (पचास रुपये) अलावा सेस | महाशय, आवेदक श्री दिनेश विलियम मरांडी के नाम से अनु०प०पा० पाकुड़ के वाद सं० 41/95 दि० 01-08-07 द्वारा आवेदित भूमि का बंदोबस्त की सम्पुष्टि की गई है जिस पर आवेदक का दखल है। अतः आवेदक के नाम से लगान निर्धारित किया जा सकता है। |

रा० उप निरीक्षक हिरणपुर 10/06/2021

अंचल निरीक्षक हिरणपुर 10/06/2021

अंचल अधिकारी हिरणपुर 10/06/2021

भूमि उप समाहर्ता पाकुड़

Digitally signed by RABINDRA CHOUDHARY
Date: 2021.07.24 15:43:38 +05:30
Location: 2001:0:348b:fb58:3ccd:5c6:62dc:cdb8